# कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड शिवपुरी, म.प्र.

## परियोजना का औचित्य

शिवपुरी झील संरक्षण परियोजना के अन्तर्गत शिवपुरी नगर से घसारही स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक सीवर लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है। शहर के सीवर को ब्रांच सीवर के माध्यम से एकत्रित कर 350 से 1100 मि.मि. व्यास के आर.सी.सी. पाईप के माध्यम से घसारही फार्म तक ले जाया जावेगा। घसारही फार्म पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से सीवेज का ट्रीटमेंट कर ट्रीटमेंट सीवेज को कोटा भगौरा नाले में डाला जावेगा। प्रस्तावित प्लांट की क्षमता 20 एम.एल.डी. होगी।

उक्त परियोजना शिवपुरी नगर की झीलों को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु बनाई गई है। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात नगर की सभी झीलें प्रदूषण से मुक्त हो जावेंगी एवं नगरवासियों को सांख्य सागर झील से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जाना संभव हो सकेगा। उक्त योजना से शिवपुरी नगर की लगभग 170422 जनसंख्या लाभान्वित होगी। योजना विभाग द्वारा किसी प्रकार के वित्तीय लाभ की प्रत्याशा में क्रियान्वित नहीं की जा रही है।

for Executive Engineer
Public Health Engg. Division
Shivpuri (M.P.)